जर्जर भवनों की जांच और सुस्त एजेंसी पर 2 लाख की पेनल्टी

सवारी से सिंहस्थ तक सड़क चौड़ीकरण पर प्रशासन सख्त

उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और बाबा महाकाल की राजसी सवारी को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए शहर में सड़क चौड़ीकरण कार्यों की रफ्तार तेज कर दी गई है। प्रशासन अब निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर महाकाल सवारी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत विशेष बजट से चल रहे कार्यों के दौरान कंठाल से छत्री चौक तक 14 चिन्हित भवनों की मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी जांच की गई। इन भवनों को पहले ही जर्जर श्रेणी में चिन्हित किया गया था तथा चौड़ीकरण के दौरान इनके कुछ हिस्से हटाए जा चुके हैं। विशेषज्ञों ने भवनों के बीम, कॉलम, दीवारों और अन्य संरचनात्मक हिस्सों के साथ-साथ बाहर खोदी गई ट्रेंच के कारण भूमि की स्थिरता का भी परीक्षण किया। विजुअल इंस्पेक्शन और नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग जैसी आधुनिक तकनीकों से की गई जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे की सुरक्षा संबंधी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में एक ओर सवारी मार्ग पर स्थित 14 जर्जर एवं आंशिक रूप से प्रभावित भवनों की मेनिट भोपाल के विशेषज्ञों से तकनीकी स्टेबिलिटी टेस्टिंग कराई गई। दूसरी ओरपर निगम आयुक्त ने संबंधित एजेंसी पर दो लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने दिया अल्टीमेटम

इधर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा, लालपुल ब्रिज रोड तथा महाकाल सवारी मार्ग के विभिन्न चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। जयसिंहपुरा क्षेत्र में निर्माण कार्य की धीमी गति और लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसी पर दो लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल प्रदाय, जल निकासी, नागरिकों के आवागमन और अन्य मूलभूत सुविधाओं से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

इन सड़कों पर एक नजर

निरीक्षण के दौरान दो तालाब से भार्गव नगर और टैगोर चौराहा, हनुमान नाका से हरिफाटक चौराहा तथा नानाखेड़ा बस स्टैंड से देवास रोड स्थित एमआर-2 मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर नाली निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, विद्युत पोल शिफ्टिंग और सर्विस रोड का कार्य तेजी से चल रहा है। एमआर-2 मार्ग को भविष्य के प्रमुख यातायात कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां सड़क चौड़ीकरण के साथ सौंदर्यीकरण और पौधारोपण भी किया जाएगा।

दवा छिड़क रहे ग्रामीण की करंट लगने से मौत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

ग्राम रातड़िया का मामला खेत में लगी पानी की मोटर के तार में कट लगा था

उज्जैन। ग्रामीण क्षेत्र में करंट लगने की घटना में काफी इजाफा हो गया है। बता दें कि कहीं पर मोटर चालू करने के दौरान तो कहीं पर हाई टेंशन तारों से छेड़छाड़ के दौरान करंट से ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। ऐसे में इन्हें सावधानी बरतनी चाहिए ताकि इस प्रकार की अनहोनी न हो। दवा का छिड़काव करने गुरूवार देर शाम खेत पहुंचे ग्रामीण को करंट लग गया। रात 10 बजे तक घर नहीं लौटा तो परिजन देखने पहुंचे। वह खेत में बिजली के तार से चिपका दिखाई दिया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में चरक अस्पताल से करंट लगने से हुई अर्जुन पिता कैलाश चौधरी 35 साल निवासी ग्राम रातडिया की मौत होने की सूचना मिली थी। मामले में मर्ग कायम किया और परिजनों से जानकारी लेने पर सामने आया कि खेत पर सोयाबीन की फसल में दवा का छिड़काव करने गया था। खेत में लगी पानी की मोटर के तार में कट लगा था, दवा का छिड़काव करते समय करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर घटनास्थल पर जांच की जायेगी।

इधर युवती किया सुसाइड

कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल मस्जिद चौराहा पर रहने वाले बागवान परिवार की युवती अंजली पिता धुलजी 22 साल को दोपहर में चरक अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत होना सामने आया। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थाना प्रधान आरक्षक प्रतिक्षा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज नहीं हो सके है। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अंजली की मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

एक नजर में

यात्रा को लेकर मां अन्नपूर्णा धाम में हुई बैठक

उज्जैन। मोहनपुरा स्थित मां अन्नपूर्णा धाम में समर्पण कावड़ यात्रा के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मां अन्नपूर्णा हलवाई सर्विस केटर्स संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रमुखता से हिस्सा लिया और यात्रा से जुड़े आवश्यक विषयों पर चर्चा की। संघ के जिला सचिव संतोष सिंह चौहान (दरबार) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष सतीश लस्करी, कोषाध्यक्ष मनमोहन तिवारी और कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रवीण भागवत उपस्थित थे। इनके अलावा बैठक में भंवर उस्ताद, हरि उस्ताद, कृष्ण वल्लभ भागवत, अशोक सिंह गेहलोत, जगदीश चौरसिया, शिवनारायण राठौर, चिन्तेश शर्मा, मुकेश राव वागले, भूपेन्द्र मालवीय, प्रकाश राजवानी, धर्मेंद्र परिहार, रोहित परमार, अर्पित गोमे, नीरज जैन चौरसिया, विशाल शर्मा, जितेन प्रजापत, भारत सुगंधी, प्रदीप बरेडिया, कैलाश बरेडिया, लच्छू काका, मुकेश खंडेलवाल, अशोक गोयल, मांगीलाल अग्रवाल, दीप खंडेलवाल और हेमंत चौरसिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मेहता को उज्जैन से मिले सर्वाधिक मत

उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के चुनाव में प्रत्याशी संदीप प्रताप मेहता को उज्जैन जिले से सर्वाधिक मत प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय और अधिवक्ता आरसी परिहार के नेतृत्व में संदीप मेहता और उनके परिजनों ने साईं मंदिर पहुंचकर बाबा का विशेष पूजन-अर्चन किया और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने संदीप प्रताप मेहता का आत्मीय स्वागत किया। नरेंद्र मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम में साईं मंदिर प्रमुख सत्यनारायण शर्मा, प्रवक्ता दीपक बेलानी, अधिवक्ता सुरेश सोलंकी, हेमंत राणावत, नितिन चौहान, पीयूष मालवीय, प्रकाश धनवानी, अनिल सिंह राजपूत, हेमंत खंडेलवाल, मोहन शाह, राजेंद्र पटेल, संजय सोडानी, जनार्दन नातू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

उज्जैन। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मारुतिगंज व्यायाम शाला और क्रीड़ा भारती उज्जैन के तत्वावधान में परंपरागत दंगल और क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कुश्ती के आयोजकों और पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। दंगल में महिला और पुरुष पहलवानों ने रोमांचक कुश्तियों का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, सोनू गहलोत, रवि सोलंकी और संजय अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने इस आयोजन को भारतीय संस्कृति, खेल भावना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला बताया। अंत में आयोजन समिति के संयोजक गणेश बागड़ी ने अतिथियों, खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का आभार माना।

प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

उज्जैन। प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जंतर-मंतर रोड स्थित होटल अथर्व के सामने गंगा गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज की संस्था के अनुयायियों ने इस उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के दौरान इंदौर से आए मनोज दुबे और उनकी टीम द्वारा सुंदर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र और ? का सामूहिक जाप किया। इसके साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। आयोजन के समापन पर संस्था के अध्यक्ष अजय पांडे ने सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

निगम मुख्यालय में हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान

महापौर ने किया कर्मचारियों को भगवत गीता एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित

उज्जैन। नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर मुकेश टटवाल जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

नगर निगम से सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी राधेश्याम पिता बद्रीलाल, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजेन्द्र पिता कैलाश राव मोरे चालक, असलम पिता असगर हुसैन मेट स्वास्थ्य विभाग, अशोक पिता जगन्नाथ सफाई संरक्षक, ताजुद्दीन पिता नहार, सफाई संरक्षक, श्री ओमप्रकाश पिता केसरा सफाई संरक्षक, अनिरूद्ध पण्डया पी.एच.ई विभाग, इशाक हुसैन पिता वकील हुसैन पीएचई विभाग, रमेश पिता लक्ष्मण हैल्पर पीएचई विभाग, अशोक पिता रामचंद्र जोशी पीएचई विभाग का नगर निगम परिवार की ओर से सेवानिवृत होने पश्चात सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. योगेश्वरी राठौर, पार्षद शिवेंद्र तिवारी, लीला वर्मा, दिलीप परमार, छोटेलाल मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण पटेल, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, कर्मचारी संघ से डॉ. पवन व्यास, नितिन मुसले, रमेश रघुवंशी, पीएल टटवाल, अजय गुप्ता एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ. पाराशर को गुरु सांदीपनि सम्मान

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उज्जैन संभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्मित गीता भवन के सभागार में गुरु सांदीपनि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की डॉ. अंबेडकर पीठ के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. शैलेंद्र पाराशर को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों और विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर राव ने डॉ. पाराशर को श्रीफल, उत्तरीय ओढ़ाकर और गुरु सांदीपनि सम्मान-पत्र भेंट कर उनका सारस्वत सम्मान किया। इस अवसर पर अनेक प्रोफेसर और गणमान्य जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने मंगलनाथ मंदिर में की भात पूजा, किया बाबा का विशेष श्रृंगार

श्रावण के पहले गुरुवार पर विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

उज्जैन। श्रावण मास का आरंभ हो चुका है। इसमें अनेक संस्थाएं अपने अपने हिसाब से धार्मिक आयोजन करती है। जिसमें भंडारा के साथ ही भजन कीर्तन होते हैं। इसी क्रम में विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा परंपरानुसार श्रावण मास के प्रथम गुरुवार को मंगलनाथ मंदिर में भात पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा महाकाल का आकर्षक श्रृंगार कर भात और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई। पं. दीपेश गुरु के आचार्यत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल, श्याम मेड़तवाल और सुनील नरसीघानी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

पूजन के पश्चात व्यापारियों ने किया भोजन

पूजन के पश्चात वैदेही गार्डन में सभी व्यापारियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष राजेश चपलोद, सचिव अशोक राजवानी, सहसचिव राजेंद्र पगारिया, कोषाध्यक्ष सौरभ कोचर, डायरेक्टर मनीष चौधरी, शरद कोठारी, राहुल सोगानी, राकेश काकाणी, कमल चाणोदिया और पवन अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में व्यापारी, दलाल, गुमास्ता और हम्माल उपस्थित थे।

बरसते पानी में बदले मार्ग से नगर भ्रमण पर निकले बटुक भैरव

उज्जैन। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चक्रतीर्थ स्थित बटुक भैरव मंदिर में



भव्य आयोजन किए गए। शहर में चल रहे विकास कार्यों के चलते इस वर्ष बटुक भैरव का चल समारोह परिवर्तित मार्ग से निकाला गया। बरसते पानी के बीच बाबा बटुक भैरव नगर भ्रमण पर निकले, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर को विदेशी फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर के प्रमुख पुजारी वरुण तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत सुबह वेदोक्त विधान से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात गुरु पूजन और गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान बटुक भैरव का मनमोहक श्रृंगार फ्लावर आर्टिस्ट राकेश बरोड़ और प्रिंस चावड़ा द्वारा किया गया। विदेशी फूलों से सजे दरबार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दोपहर 12 बजे बाबा का चल समारोह शुरू हुआ जो परिवर्तित मार्गों से होता हुआ गुजरा। शाम 5 बजे से मंदिर परिसर में महाप्रसादी और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें शहर के अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की और धर्मलाभ लिया।

विद्युत मंडल के स्टोर रूम में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

देर रात तक नगर में निकला चल समारोह, अखाड़ा प्रदर्शन व सम्मान समारोह ने बांधा समां

उज्जैन। विद्युत मंडल के स्टोर रूम में चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस में 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। चारों की निशानदेही पर डेढ़ लाख रुपए के विद्युत तार बरामद किए गए। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। महिदपुर थाना क्षेत्र के टेंशन चौराहा पर विद्युत मंडल का स्टोर रूम बना हुआ है। गुरुवार दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर 200 किलो एल्युमीनियम और 50 किलो तांबे के तार चोरी कर लिए थे। शाम को आउटसोर्स कर्मचारी श्रवणसिंह सोंधिया स्टोर रूम पहुंचा तो चोरी की वारदात का पता चला। कर्मचारी में मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने चोरी करने वालों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखें। एक बदमाश युवक तार का बंडल सिर पर रख जाता दिखाई दिया। रात में ही पुलिस ने चोरी में शामिल तीनों युवकों को हिरासत में लिया और उनके निशानदेही पर ढाई सौ किलो बिजली के चोरी किए गए तार बरामद कर लिए। शुक्रवार दोपहर मामले का खुलासा कर पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है।

टीम बनाकर दबोचा

जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए एसआई अन्नपूर्णा कटेरिया, एन एस कनेश , भैरुलाल, विजयसिह, राघव गुर्जर, मोसिम की टीम बनाई गई। कुछ घंटे बाद ही बदमाश युवक की पहचान मनीष पिता ओमप्रकाश पंवार जाति पारदी 19 साल निवासी ग्राम रुद्रखेडा के रूप में हो गई रात में ही उसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने तीन साथी आमीर उर्फ भय्यू पिता पप्पू खान 29 साल निवासी यादव मोहल्ला महिदपुर, फैजान पिता इकबाल खान 19 साल निवासी ईदगाह कालोनी महिदपुर और अबरार पिता भय्यू शाह 23 साल निवासी जैल रोड महिदपुर के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया।

प्रेमचंद के कथा साहित्य में स्वाधीनता से लेकर सुराज तक की चिंता

विवि में प्रेमचंद जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, साहित्यकारों ने उनके योगदान को बताया

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला, प्रेमचंद सृजन पीठ तथा देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य विमर्श परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 31 जुलाई को वाग्देवी भवन में प्रेमचंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रेमचंद के कथा साहित्य और स्वाधीनता आंदोलन पर केंद्रित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश आदिवासी बोली विकास अकादमी भोपाल के निदेशक धर्मेंद्र पारे रहे, जबकि अध्यक्षता कुलानुशासक शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की। शशांक दुबे ने प्रेमचंद के साहित्य पर बनी महत्वपूर्ण सामाजिक फिल्मों की विशेषताएं बताईं। ललित कला विभागाध्यक्ष जगदीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद ने कथा साहित्य में भारतीय समाज की विसंगतियों को चित्रित करते हुए समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। संगोष्ठी में कवयित्री सीमा देवेंद्र जोशी ने प्रेमचंद के प्रति छन्दों की प्रस्तुति दी और साहित्यकार संतोष सुपेकर ने लघुकथा का पाठ किया।

शुरुआत में स्वागत भाषण प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने दिया। अतिथियों ने वाग्देवी व मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पारे का शॉल, साहित्य और मौक्तिक माल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत पौधारोपण किया गया

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार देवेंद्र जोशी की स्मृति में विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी हुआ। आयोजन में साहित्यकार उर्मि शर्मा, हरीश कुमार सिंह, सुरेंद्र सर्किट, स्वामीनाथ पाण्डेय, हरिशंकर वट, नेत्रा रावणकर, और महिमा मरमट सहित बड़ी संख्या में विद्वान, शोधार्थी और साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। संचालन जगदीश चंद्र शर्मा ने किया तथा आभारसी एल शर्मा ने माना।

तराना मार्ग पर पलटा ट्रैक्टर, 1 की मौत

उज्जैन। रात में माकड़ोन-तराना मार्ग पर तेजगति से दौड़ता ट्रैक्टर पलटी खा गया। हादसे में एक युवक की दबने से मौत हो गई दूसरा मामूली रूप से घायल हुआ है। मृतक युवक भोपाल का रहने वाला था। माकड़ोन थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम लिंबादित में रात 10 .30 बजे ट्रैक्टर पलटने पर एक युवक के दबने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल माकड़ोन-तराना मार्ग पहुंची थी। एक युवक मामूली घायल हुआ था दूसरा ट्रैक्टर के नीचे दबा था जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकल गया। हालत गंभीर होने पर तत्काल उज्जैन रेफर किया गया। चरक अस्पताल पहुंचने पर उसकी मौत होना सामने आया। पुलिस के अनुसार सत्तन पिता राम सिंह राजपूत हिरण खेड़ी बैरसिया भोपाल का रहने वाला था। वह माकड़ोन में शर्मा परिवार के यहां गिट्टी खदान पर काम करता था रात में तराना से डेलची ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। माकड़ोन पुलिस के अनुसार अस्पताल चौकी से मर्ग डायरी मिलने पर आगे की जांच की जाएगी और घटना में मामूली रूप से घायल हुए युवक के बयान दर्ज किए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग में 33 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद रमेश चंद्र यादव सेवानिवृत्त, दी शुभकामनाएं

सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह, अधिकारियों ने की कार्यक्रम में शिरकत

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आईसी सहायक के पद पर पदस्थ रमेश चंद्र यादव 33 वर्ष की बेदाग सेवा देने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल की अध्यक्षता, संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, जिला प्रवक्ता ललित नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सोलंकी और प्रमोद राय के नेतृत्व एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. सुनीता परमार, डॉ. मंजूषा पीप्पल, परविंदर बग्गा, जितेंद्र अहिरवार, चरण सिंह मंडलोई, विकास राजपूत, अर्चना जॉर्ज तथा महेश कलमे की विशेष उपस्थिति में रमेश चंद्र यादव का पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अपने उद्बोधन में सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कहा कि रमेश चंद्र यादव अपने कर्तव्य के प्रति सदैव ईमानदार रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन ललित नागर ने किया तथा आभार एम आर मंसूरी ने माना।

एक नजर भादो तक रोज 3 बजे का नियम, भक्तों के लिए एक घंटे पहले जाग रहे भगवान

सोमवार को रात 2 .30 बजे खुलेंगे महाकाल मंदिर के पट

उज्जैन। श्रावण सोमवार को महाकाल मंदिर के पट रात 2.30 बजे खुलेंगे और भस्मारती होगी। श्रावण व भादो मास में भगवान महाकाल की दिनचर्या बदल जाती है। अधिक से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन लाभ ले सके इसको ध्यान में रखते हुए भगवान एक घंटे पहले जागते हैं। श्रावण व भादो मास में महाकाल की भस्मारती रोज सुबह 3 बजे से और प्रति सोमवार को रात 2.30 बजे से की जाएगी। आम दिनों में भस्मारती रोज सुबह 4 बजे से होती है व आम दर्शन का सिलसिला सुबह 6 बजे बाद से होता है। श्रावण में 5 बजे बाद ही आम दर्शन शुरू हो रहे हैं।

प्रदीप महाराज की शिव पुराण कथा- भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर में विराजित दस महाविद्या देवियों के दरबार में पं. प्रदीप महाराज की शिव महापुराण कथा चल रही है। धाम के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने महापुराण का पूजन-अर्चन कर कथा आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। समापन 6 अगस्त को किया जाएगा। कथा में प्रतिदिन 51 बटुक ब्राह्मणों के द्वारा मंत्रोच्चार कर पूजन-अर्चन व आरती की जा रही है। कथा सुनने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और निशुल्क अन्नक्षेत्र में भोजन प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं।

नम: शिवाय जाप, पूरे श्रावण चलेगा

जूना सोमवारिया के पास श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में श्रावण मास के पहले दिन जनकल्याण एवं अच्छी वर्षा की कामना से ओम नम: शिवाय जाप की शुरुआत बालयोगी उमेश नाथ महाराज राज्यसभा सांसद के सानिध्य में हुई। 11 वर्षों से यह जाप श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष श्रावण मास में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक स्थानों पर संगीतमय किया जाता है। पहले दिन 2 घंटे में 51 लाख ओम नम: शिवाय जाप किया गया। पूरे श्रावण में 250 स्थान पर यह जाप होगा।